महत्वपूर्ण सूचना

यू0पी0 नीट, 2016 में भारी संख्या में छात्रों द्वारा पंजीकरण तथा निजी क्षेत्र के कालेजों में प्रवेश हेतु रूचि लिए जाने के कारण राजकीय कालेजों के विभिन्न आरक्षित श्रेणियों की सीटें भर नहीं पायी जा सकी है। मा0 उच्चतम् न्यायालय द्वारा दिये गये समय–सारणी के अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु काउंसिलिंग बोर्ड द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि आज दिनॉक–07.9.2016 को स्टेट रैंक–4000 तक काउंसिलिंग नियमित रूप से कराये जाने के उपरान्त मात्र राजकीय कालेजों के अवशेष सीटों हेतु अर्ह/इच्छुक अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग कराई जायेगी। आज दिनॉक–07.9.2016 को स्टेट रैंक 10000 तक पूर्व घोषणा के अनुसार काउंसिलिंग कराई जायेगी। कल दिनॉक–08.9.2016 को काउंसिलिंग में यह प्रक्रिया जारी रखते हुए सर्वप्रथम राजकीय कालेजों के अवशेष सीटों हेतु अर्ह/इच्छुक अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग कराई जायेगी। राजकीय क्षेत्र की सीटें समाप्त होने के उपरान्त पुनः स्टेट रैंक–4001 से छात्रों को कॉल किया जायेगा तथा निजी क्षेत्र के अवशेष सीटों पर आवंटन पुनः प्रारम्भ किया जायेगा।

2– समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न आरक्षण श्रेणियों में राजकीय कालेजों के अवशेष सीटों हेतु अर्ह/इच्छुक अभ्यर्थी काउंसिलिंग केन्द्र में उपस्थित रहें। अन्य छात्र जो निजी क्षेत्र में प्रवेश हेतु इच्छुक है, वह कल दिनॉक–08.9.2016 को अपरान्ह–12.00 बजे के बाद अपने–अपने काउंसिलिंग सेन्टर पर उपस्थित हो सकतें है।

3– निजी क्षेत्र के कालेजों हेतु प्रवेश की अन्तिम तिथि दिनॉक–20.9.2016 है। अब तक निर्गत आवंटन पत्रों को तद्नुसार संशोधित किया जा रहा है। औपचारिक आदेश महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, लखनऊ की वेबसाईट पर तत्काल उपलब्ध कराया जा रहा है।